संपादकीय

# भविष्य के लिए संधि को मंजूरी

गैर-बराबरी और गरीबी का संबंध आर्थिक नीतियों से है, जिनमें परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र के दायरे से बाहर है। इसीलिए ये संधि व्यावहारिक रूप से कोई फर्क डाल पाएगी, इसकी उम्मीद नहीं जगी है। बहरहाल, सदिच्छाओं का भी अपना महत्त्व होता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के लिए संधि' को मंजूरी मिल गई है। 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस संधि में दुनिया को एकजुट करने की बात कही गई है। इस तरह संयुक्त राष्ट्र ने विश्व हित की अपनी इच्छा जताई है। लेकिन विडंबना यह है कि आज दुनिया एकजुट होने के बजाय बंटती नजर आ रही है। जिस तरह का टकराव और कड़वाहट है, वैसा दूसरे विश्व युद्ध के बाद शायद ही कभी दिखा हो।

फिर भी, कहा जा सकता है कि प्रतिकूल स्थितियों में भी आशा और प्रयास को तिलांजलि नहीं दी जानी चाहिए। इस लिहाज से संयुक्त राष्ट्र की ताजा पहल प्रशंसनीय है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने 193 सदस्यों वाली महासभा को इस संधि को मंजूर करने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि इस संधि से जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, गैर-बराबरी और गरीबी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए देशों के एकजुट होने का रास्ता खुला है, जिससे दुनिया के आठ अरब लोगों का जीवन बेहतर बनाया जा सकता है।

रविवार को शुरू हुए दो दिवसीय भविष्य के शिखर सम्मेलन' के दौरान 42 पेज की संधि को अपनाया गया। संधि को अपनाने को लेकर महासभा की बैठक की शुरुआत तक संशय बना हुआ था। स्थिति इतनी अनिश्चित थी कि महासचिव गुटेरेश ने तीन अलग-अलग भाषण तैयार किए थे- एक पारित हो जाने के लिए, एक नामंजूर हो जाने की स्थिति के लिए, और एक उस स्थिति के लिए जब परिणाम स्पष्ट न हो। अंततः उन्होंने अपना पहला भाषण दिया। यहां तक सब ठीक है। लेकिन मुद्दा है कि जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं की वजह उपभोग बढ़ाने पर आधारित अर्थव्यवस्था है, जिस पर समझौता करने के कोई देश तैयार नहीं है।

ना ही समस्या से निपटने के लिए गरीब देशों को वित्तीय मदद देने का अपना वादा धनी देशों ने निभाया है। इसी तरह गैर-बराबरी और गरीबी का संबंध आर्थिक नीतियों से है, जिनमें परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र के दायरे से बाहर है। इसीलिए ये संधि व्यावहारिक रूप से कोई फर्क डाल पाएगी, इसकी उम्मीद नहीं जगी है। बहरहाल, सदिच्छाओं का भी अपना महत्त्व होता है।

# एयर इंडिया के साथ विलय के बाद 'एआई2' होगा विस्तारा के विमानों का फ्लाइट कोड




**नई दिल्ली**

एयर इंडिया की ओर से ऐलान किया गया कि अगले महीने दोनों एयरलाइन्स के विलय के बाद विस्तारा द्वारा संचालित किए जाने वाले विमान के लिए फ्लाइट कोड 'एआई2' उपयोग किया जाएगा।

एयर इंडिया ने कहा कि टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के ज्वाइंट वेंचर विस्तारा और एयर इंडिया के 12 नवंबर को विलय के बाद विस्तारा में ग्राहकों का अनुभव पहले जैसे ही रहेगा। मौजूदा समय में एयर इंडिया की ओर से एयरलाइन कोड 'एआई' का उपयोग किया जाता है। वहीं, विस्तारा की ओर से 'यूके' कोड का इस्तेमाल किया जाता है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता की ओर से कहा गया कि 12 नवंबर को दोनों कंपनियों कानूनी रूप से एक संस्था बन जाएगी और एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट भी एक हो जाएगा। हालांकि, विस्तारा का अनुभव एक समान ही रहेगा और साथ ही एयरलाइन के विमान, स्टाफ और कर्मचारी भी पहले की तरह ही काम करते रहेंगे, हालांकि, फ्लाइट का नंबर एआई2 से शुरू होगा। अब विस्तारा की उड़ानों की बुकिंग भी एयर इंडिया के माध्यम से होगी।

कंपनी की ओर से आगे कहा गया कि दोनों एयरलाइन बीते एक साल से विलय को लेकर काम कर रही हैं, जिससे ग्राहकों और स्टाफ को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही एयर इंडिया की ओर से नए विमानों के साथ नैरो-बॉडी फ्लीट का विस्तार किया जा रहा है। पुराने एयरक्राफ्ट को भी पूरी तरह से नए इंटीरियर के साथ परिष्कृत किया जा रहा है।

इस साल जुलाई में, एयर इंडिया ने कहा कि उसने विलय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में टाटा समूह की चार एयरलाइनों के लिए प्रमुख कार्यों में सामंजस्यपूर्ण परिचालन प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया है। इससे पहले टाटा ग्रुप की ओर से एयर इंडिया की सहायक कंपनियों एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व एयर एशिया) और एयर इंडिया एक्सप्रेस का विलय किया गया था।

## एलन मस्क एक्स पर 200 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा छूने वाले बने पहले शख्स

**नई दिल्ली**

टेक अरबपति एलन मस्क सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 200 मिलियन फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। उन्होंने अक्टूबर 2022 में 44 बिलियन डॉलर में इसका अधिग्रहण किया था।

एक्स के मालिक को 131.9 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और 113.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ प्रसिद्ध फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो फॉलो करते हैं। लोकप्रिय गायक जस्टिन बीबर 110.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे स्थान पर हैं और रिहाना 108.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पांचवें स्थान पर हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में दुनिया में 100 मिलियन का आंकड़ा पार किया है। जिसकी मस्क ने सराहना की थी। अब उनके 102.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

मस्क ने हाल ही में कहा कि एक्स के अब 600 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता (एमएयू) और लगभग 300 मिलियन दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता (डीएयू) हैं। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क के अधिकांश फॉलोअर्स नकली हैं और लाखों नए निष्क्रिय अकाउंट्स की वजह से यह संख्या बढ़ गई है। हालांकि, दावे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। टेस्ला और स्पेस एक्स के मालिक के मुताबिक, एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पृथ्वी के लिए एक ग्रुप चैट बन गया है, जिस पर दुनिया भर से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आता है। मस्क ने पोस्ट किया था, एक्स पृथ्वी के लिए ग्रुप चैट है।

टेक अरबपति का लक्ष्य इसे एक एवरीथिंग ऐप बनाना है, जहां लोग फिल्में और टीवी शो पोस्ट कर सकें और डिजिटल भुगतान भी कर सकें। मस्क ने यह भी दावा किया कि अमेरिका में एक्स का उपयोग अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, वैश्विक निवेश फर्म फिडेलिटी ने मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) में अपनी हिस्सेदारी के मूल्य में 78.7 प्रतिशत की कटौती की। इसका अर्थ है कि एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का मूल्य केवल 9.4 बिलियन डॉलर होने की संभावना है।

## वैश्विक बाजारों में कमजोरी से भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुले

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुले। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9:22 पर सेंसेक्स 261 अंक या 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,235 और निफ्टी 71 अंक या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,178 पर था। व्यापक बाजार में गिरावट का रुझान है। 1,335 शेयर लाल निशान में और 814 शेयर हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, एसबीआई, भारती एयरटेल, एसबीआई, नेस्ले और एमएंडएम टॉप लूजर्स थे। टीसीएस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, आईटीसी, इन्फोसिस, विप्रो और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 802 अंक या 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,215 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 267 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,656 पर था।

## एक बार फिर आरबीआई ने दिया 2000 रुपए का नोट बदलने का मौका

**नई दिल्ली**



आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने का ऐलान किया था जिसके बाद से 2000 रुपये के नोट वापस आने का सिलसिला जारी है। अब इसी से जुड़ा एक बड़ा आंकड़ा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जारी किया है। आरबीआई ने 2000 रुपये के सर्कुलेशन और इसके लौटने के बारे में आखिरी प्रेस रिलीज 2 सितंबर 2024 को जारी की थी और इसमें अब नया अपडेट जारी किया गया है। आरबीआई ने बताया है कि लोगों के पास अगर 2000 रुपये के नोट बाकी हैं तो उन्हें इसको आरबीआई के ऑथराइज्ड केंद्रो और अन्य माध्यमों से रिजर्व बैंक के पास लौटाने का मौका है।

आरबीआई ने 2000 रुपये के नोटों के बारे में बताया कि उसके पास कितने नोट वापस आ गए और कितने रुपये के नोट बाकी हैं। 03 जून को आरबीआई ने बताया था कि 2000 रुपये के 7755 करोड़ रुपये के नोट उस समय तक लोगों के पास थे यानी कि ये नोट आरबीआई के पास लौटकर नहीं आए थे। अब ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक आरबीआई ने जानकारी दी है कि 2000 रुपये के 98 फीसदी नोट वापस लौट आए हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने बताया कि अब 7117 करोड़ रुपये के कुल नोट ही लोगों के पास बाकी रह गए हैं। 2000 रुपये के कुल नोटों की संख्या 3.56 लाख करोड़ रुपये की थी और ये आंकड़ा 19 मई 2023 तक था। इसमें आरबीआई ने बताया है कि लोगों के पास अगर 2000 रुपये के नोट बाकी हैं तो उन्हें इसको आरबीआई के ऑथराइज्ड केंद्रो और अन्य माध्यमों से रिजर्व बैंक के पास लौटाने का मौका है। इसमें आरबीआई के इश्यू ऑफिस आने की जरूरत नहीं है।

आरबीआई समय-समय पर ये दोहराता है कि 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे और इसका अर्थ है कि ये नोट केवल सर्कुलेशन से बाहर किए गए हैं। इनकी कानूनी वैधता बनी है और ऐसा नहीं हैं कि ये नोट नोटबंदी के 500 और 1000 रुपये जैसे लीगल टेंडर नहीं रहेंगे जैसे 8 नवंबर 2016 को तत्कालीन 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों को बंद कर दिया गया था।

# ओडिशा एफसी ने केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-2 के ड्रा पर रोका

**भुवनेश्वर**

ओडिशा एफसी ने गुरुवार को अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोककर एक-एक अंक बांट लिया।

रोमांचक मैच में केरला ब्लास्टर्स की ओर से मोरोक्कन विंगर नौहा सदौई ने 18वें और स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने 21वें मिनट में गोल दागे जबकि ओडिशा एफसी की तरफ से केरला ब्लास्टर्स के फ्रेंच डिफेंसिव मिडफील्डर एलेक्जेंडर कोएफ़ ने 29वें मिनट में आत्मघाती गोल और ब्राजीली स्ट्राइकर डिएगो मौरिसियो ने 36वें मिनट में गोल किए। नौहा सदौई को पहला गोल करने और दूसरे में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आज जगरनॉट्स द्वारा वापसी करके ड्रा खेलने स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। ओडिशा एफसी चार मैचों में एक जीत, एक ड्रा और दो हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से नौवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, ब्लास्टर्स द्वारा दो गोल की बढ़त गंवाकर ड्रा खेलने से स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टेहरे जरूर निराश होंगे। केरला ब्लास्टर्स एफसी चार मैचों में एक जीत, दो ड्रा और एक हार से पांच अंक लेकर तालिका में पांचवें से चौथे स्थान पर आ गए हैं।

मैच का पहला गोल 18वें मिनट में आया, जब मोरोक्कन लेफ्ट विंगर नौहा सदौई ने केरला ब्लास्टर्स को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने सेंट्रल चैनल से बॉक्स के अंदर घुसने के बाद अपने बायीं तरफ छोटा सा थ्रू-पास दिया, जिस पर पीछे से दौडक़र पहुंचे नौहा ने पहले ही टच पर करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि ओडिशा एफसी के गोलकीपर अमरिंदर सिंह अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव करने में नाकाम रहे।

21वें मिनट में स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने गोल करके केरला ब्लास्टर्स की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। बाएं फ्लैंक से बने एक जवाबी हमले में नौहा सदौई गेंद को लेकर कट इन करते हुए बॉक्स के अंदर घुस गए और उन्होंने सेकेंड पोस्ट की तरफ क्रॉस डाला जहां पहुंचे जिमेनेज ने करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर अमरिंदर सिंह ने अपने बायीं तरफ डाइव लगाई लेकिन बचाव करने में नाकाम रहे।

## यूरोपा लीग: मैन यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ, टोटेनहम की जीत



**नई दिल्ली**

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी समय में एक अंक बचाया, टोटेनहम ने यूईएफए यूरोपा लीग मैचडे 2 में दो में से दो जीत दर्ज की।

हैरी मैगुएर के स्टॉपेज-टाइम हैडर ने पोर्टो के साथ एक रोमांचक मुकाबले में दस खिलाडिय़ों वाले यूनाइटेड के लिए एक अंक बचाया।

मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के माध्यम से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की, लेकिन आंद्रे ओनाना द्वारा बचाव करने के बाद पेपे ने मेजबानों के लिए हैडर से अच्छी प्रतिक्रिया दी और फिर सैमू ने ब्रेक से पहले बराबरी का गोल किया।

ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल नेट की छत पर मारकर पोर्टो को आगे कर दिया। पोर्टो जीत से कुछ ही पल दूर था, लेकिन मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर को हेड करके गोल कर दिया।

अन्यत्र, पपे सार और इन-फॉर्म ब्रेनन जॉनसन की शानदार फिनिश ने बुडापेस्ट में स्पर्स के लिए अधिकतम अंक सुनिश्चित किए।

पहले हाफ के मध्य में ही मेहमान टीम ने बढ़त बना ली थी, जब सार ने ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जिसके बाद जॉनसन ने लगातार पांचवां गेम खेलने के लिए बेंच से उतरकर स्ट्राइक किया। बरनबास वर्गा की शक्तिशाली वॉली ने एंजे पोस्टेकोग्लू के खिलाडिय़ों के लिए एक नर्वस फिनिश स्थापित किया, लेकिन प्रीमियर लीग की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

***वृष:*** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जायेंगे।

***मिथुन:*** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगें।

***कर्क:*** आज का दिन खुशियां लेकर आया है । बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

***सिंह:*** आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायें। जो लोग डांस सीखना चाहते है, वे आज सोशल मिडिया की मदद से सीखेंगे।

***कन्या:*** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

***तुला:*** आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें।

***वृश्चिक:*** आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओ को बढिय़ा नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है।

***धनु:*** आज का दिन बढिय़ा रहने वाला है। करीयर को बेहतर बनाने के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

***मकर:*** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठण्डे दिमाग़ से सोचेने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेगे।

***कुंभ:*** आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता के जरिए व्यापार में दी हुई जिम्मेदारियां आप आसानी से निभा लेंगें।

***मीन:*** आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। जिम ट्रेनर को आज अच्छे ग्राहक मिलेंगे। आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आयेगी और आप एक मजबूत भावना के साथ पेशेवर दौड़ में खुद को आगे पायेंगे।

## द कश्मीर फाइल्स के बाद विवेक अग्निहोत्री की द दिल्ली फाइल्स करेगी डबल धमाका, पहला पोस्टर भी आया सामने



फिल्म मेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए सुर्खियां बटोरने के लिए जाने जाते हैं। वो अपनी फिल्मों के जरिए विवादित मुद्दों को उठाते हैं और हलचल पैदा कर देते हैं। द ताशकंद फाइल्स, द कश्मीर फाइल्स और द वैक्सीन वॉर जैसी सफल फिल्में बनाने के बाद, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म मेकर अपनी अगली फिल्म द दिल्ली फाइल्स के साथ एक और दिलचस्प कहानी कहने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म ने अपने अनाउंसमेंट के बाद से ही खबरों में जगह बनाई हुई है। इसके अलावा फिल्ममेकर ने इसे अनोखा बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मिलकर एक लंबी और गहन रिसर्च की है।

अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल के साथ फिर से हाथ मिलाया है, जिन्होंने द कश्मीर फाइल्स की मेकिंग में अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को काफी तारीफ मिली थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा परफॉर्म किया था। अब मेकर्स ने फिल्म द दिल्ली फाइल्स की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जो दो पार्ट्स में बनाई जाएगी। ऐसे में उन्होंने खुलासा किया है कि द दिल्ली फाइल्स - द बंगाल चैप्टर 15 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी।

विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर द दिल्ली फाइल्स - द बंगाल चैप्टर का एक दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की है।

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल का काउंट डाउन शुरू, नवंबर के दूसरे सप्ताह ट्रेलर होगा रिलीज!



सुकुमार द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2: द रूल भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. इस एक्शन फिल्म की शूटिंग जोरों पर चल रही है और मेकर्स 6 दिसंबर, 2024 को रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं. मेकर्स ने हाल ही में मेकर्स ने 75 डेज टू पुष्पा पोस्टर जारी किया और सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक अब ट्रेलर की रिलीज डेट भी सामने आ गई है. तो आइए जानते हैं कब हो सकता है पुष्पा 2 का ट्रेलर रिलीज.

खबरों के मुताबिक सुकुमार और अल्लू अर्जुन, माइथ्री प्रोडक्शन के साथ नवंबर के दूसरे सप्ताह में पुष्पा 2 का ट्रेलर जारी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. पुष्पा 2 का जबरदस्त तरीके से प्रमोशन किया जा रहा है और मेकर्स नवंबर के दूसरे वीक में ट्रेलर के साथ अपनी दुनिया को अपने दर्शकों के लिए खोलने की योजना बना रहे हैं.

## अजय देवगन की सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को होगा रिलीज, मुंबई में भव्य लॉन्च कार्यक्रम की चल रही तैयारी



सिंघम अगेन 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. कॉप यूनिवर्स की अगली किस्त में अजय देवगन के साथ-साथ कई स्टार कास्ट भी हैं. रोहित शेट्टी निर्देशित इस फिल्म के ट्रेलर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की टीम जल्द ही ट्रेलर लॉन्च करने की तैयारी में है. टीम 7 अक्टूबर को फैंस के लिए एक ग्रैंड इवेंट में इस दिवाली पर रिलीज होने वाली सिंघम अगेन के ट्रेलर लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है.


आगामी फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में एक कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया जाएगा. फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार अहम रोल में हैं. उम्मीद है कि ये सभी एक्टर-एक्ट्रेस ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मौजूद होंगे. इनके साथ ही मीडिया और स्टार कास्ट के फैंस को भी ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च का हिस्सा बनने के लिए इनवाइट किया जाएगा. मेकर्स चाहते हैं कि ट्रेलर फिल्म जितना ही ग्रैंड हो.

आपको बता दें कि सिंघम अगेन के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है. रिपोर्ट्स की मानें तो यह अजय देवगन और रोहित शेट्टी दोनों के लिए सबसे बड़ी नॉन-थियेट्रिकल डील है. रोहित शेट्टी की फिल्मों ने हमेशा दर्शकों की जबरदस्त मांग के कारण सैटेलाइट प्लेयर्स से बड़ी रकम हासिल की है, वहीं सिंघम अगेन को डिजिटल प्लेयर्स ने भी प्रीमियम कीमत दी है. और क्यों नहीं? इस फिल्म में पिछले कुछ दशकों में किसी फीचर फिल्म के लिए सबसे बड़ा कलाकारों का सेट-अप है.

## शब्द सामर्थ्य- 198

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 198

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |